# संसदीय राजभाषा उप-समिति के लेह लद्दाख दौरे एवं निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र, लेह के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन

दिनांक ०९ जुलाई, २०२१, लेह लद्दाख के स्तकना स्थित काजरी के क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र में संसदीय राजभाषा की दूसरी उप-समिति के लेह लद्दाख दौरे एवं निरीक्षण के अंतर्गत दोपहर ३.३० बजे से हिन्दी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर संसदीय राजभाषा की दूसरी उप-समिति के अधिकारी डॉक्टर रामेश्वर लाल मीणा, अवर सचिव, श्री कमल स्वरूप, अनुसंधान अधिकारी एवं श्रीमान कविश शर्मा, उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों का स्वागत काजरी के क्षेत्रीय अनुसंधान स्थात्र के अध्यक्ष श्री दीपंकर साहा ने किया। श्री कविश शर्मा ने संगोष्ठी का संचालन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने सरकारी संस्थानो के कार्यालयों मे दिन प्रतिदिन होने वाले कामकाज/आलेखन में राजभाषा का अधिकाधिक प्रयोग करने पर ज़ोर दिया। डॉक्टर रामेश्वर लाल मीणा, अवर सचिव ने बताया कि हिन्दी क्षेत्र कि सूची में लेह लद्दाख को 'ग' श्रेणी में स्थान मिला है। अतः सभी सरकारी कार्यालयों में पचास प्रतिशत कामकाज हिन्दी में करना अनिवार्य है। साथ ही उन्होने उपस्थित सभी सरकारी कर्मचारियों को "लीला हिन्दी प्रवाह" के वेब वर्जन एवं मोबाइल एप कि उपयोगिता के बारे में बताया।

आयोजन में संस्थान के कर्मी सुश्री चांगचुक लामो, वैज्ञानिक एवं तकनीकी समूह में श्रीमति स्टेंनजिन लेंडोल, श्री योगेंद्र सिंह, श्री रिगजिन दोर्जे, श्री मोहम्मद रज़ा, श्री हीरा लाल कुड़ी एवं प्रशासनिक समूह से श्री भुवनेश वर्मा उपस्थित थे। जोधपुर स्थित संस्थान के मुख्य कार्यालय से श्रीमान सफीउल्लाह अंसारी, श्री वीरेंद्र हर्ष एवं श्री धर्मेंद्र बोहरा भी इस संगोष्ठी में उपस्थित रहे।